Member of Parliament Local Area Development Scheme

भारत सरकार
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली -110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF STATISTICS & PROGRAMME IMPLEMENTATION
SARDAR PATEL BHAVAN, NEW DELHI-110001
FAX : 23364197
E-mail : mplads@nic.in

सत्यमेव जयते

सं. सी/77/2005-एमपीलैड्स

Dated 12 जून, 2008.

सेवा में

सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नोडल मंत्रालयों के सचिव ।

विषयः- **एमपीलैड्स - एमपीलैड्स प्रबोधन सॉफ्टवेयर पर डाटा अपलोड करना ।**

महोदय/महोदया,

इस मंत्रालय ने एमपीलैड योजना के अंतर्गत पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने तथा ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिए नवम्बर, 2004 में एमपीलैड्स कार्यों के प्रबोधन के लिए एक सॉफ्टवेयर की शुरूआत की थी, जिससे कार्यों का विवरण **ऑन-लाइन कहीं भी** प्राप्त किया जा सकता है । राज्य सरकारों और एमपीलैड्स के अंतर्गत नोडल जिलों से डाटा एंट्री का कार्य पूरा करने और 1993 से प्रारंभ किए गए समस्त कार्यों (चालू तथा पूर्ण) का विवरण अपलोड करने के लिए बार-बार अनुरोध किया गया है । इस मामले पर इस मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की अध्यक्षता में नई दिल्ली में 10.4.2008 को हुई राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के एमपीलैड्स संबंधी नोडल सचिवों की अखिल भारतीय समीक्षा बैठक में भी चर्चा की गई थी, जिसमें संपूर्ण डाटा अपलोड करने का कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित समय-सीमा को 30.6.2008 तक बढ़ाया गया था ।

2. स्थिति की समीक्षा करने पर यह पाया गया है कि कई जिला प्राधिकारी डाटा अपलोड करने का कार्य निरुत्साहित ढंग से कर रहे हैं, फलस्वरूप इस काम में या तो थोडी सी अथवा कोई प्रगति नहीं हुई है । यह न केवल एमपीलैड योजना की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के इस मंत्रालय के प्रयासों में बाधा उत्पन्न करती है बल्कि इस योजना के फायदों के बारे में आम जनता को उनके सूचना के अधिकार से भी वंचित रखती है । इस प्रकार, जिस उद्देश्य के लिए इस सॉफ्टवेयर की शुरूआत की गई थी, वह उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है ।

3. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के जिला प्राधिकारियों को निदेश दिया जाए कि वे पिछला डाटा अपलोड करने का कार्य शीघ्र और **अधिक से अधिक 30.6.2008 तक** पूरा कर लें तथा वर्तमान डाटा नियमित आधार पर अपलोड करते रहें ।

भवदीय,

(ए.के. चौधरी)
निदेशक/एमपीलैड्स
दूरभाष सं. 23344933

प्रतिलिपिः सभी नोडल जिला प्राधिकारियों को दिनांक 10.4.2008 को हुई बैठक के निर्णयानुसार आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

Member of Parliament Local Area Development Scheme

भारत सरकार
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली -110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF STATISTICS & PROGRAMME IMPLEMENTATION
SARDAR PATEL BHAVAN, NEW DELHI-110001
FAX : 23364197
E-mail : mplads@nic.in

सत्यमेव जयते

No. C/77/2005-MPLADS

Dated 12th June,2008

To

The Secretaries of Nodal Ministries of all States/UTs

Subject :- **MPLADS- Uploading of data on MPLADS Monitoring Software-reg.**

Sir / Madam,

This Ministry had launched a Software for Monitoring of MPLADS Works in November, 2004 to enhance transparency and accountability under the MPLAD Scheme and to promote e-governance, which enables **online universal access** of the details of works. The State Governments and the Nodal Districts under MPLADS, have been repeatedly requested to complete the data entry and uploading of details of all works undertaken since1993 (ongoing and completed). The matter has also been discussed in the All India Review Meeting of Nodal Secretaries of States/UTs on MPLADS held on 10.4.2008 in New Delhi under the chairmanship of the Hon'ble Minister of State (IC) of this Ministry wherein the deadline was extended to 30.6.2008 for completing the uploading of complete data.

2. On review of the position, it has been noticed that many District Authorities are carrying out the task of uploading data in a lackadaisical manner resulting in little progress or no progress at all. This not only hampers the efforts of the Ministry to project the achievements of the MPLAD Scheme but also deprives the General Public of their right to information about the benefits of the Scheme, thus defeating the very purpose for which the Software was launched.

3. The District Authorities of States/UTs may be directed to complete uploading of the past data at the earliest and **not later than 30.6.2008** and to keep uploading the current data on regular basis.

Yours faithfully,

(A.K. Choudhary)
Director/MPLADS
Tel.No.23344933

Copy to all Nodal District Authorities for necessary action as per decision of the meeting dated 10.4.2008.